प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
14.01.2026/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे

मकर संक्रांति

प्रदेश भर में आज मकर संक्राति का पर्व श्रद्धा भाव व आस्था के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेश भर में आज लोग स्थानीय मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर पूजा–अर्चना और पवित्र स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। .मंडी जिले के धर्मपुर, बल्ह, सुंदरनगर, जोगिंद्रनगर, पधर, करसोग और बालीचौकी उपमंडलों में मकर संक्रांति के अवसर पर आज स्थानीय अवकाश है। इन उपमंडलों में सभी सरकारी कार्यालय और शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे।

इधर शिमला जिला की सीमा पर स्थित धार्मिक स्थल तत्तापानी में तीन दिनों तक मनाया जाने वाला जिला स्तरीय मकर संक्राति लोहड़ी मेला बीते कल से शुरू हो गया है। तत्तापानी में मनाए जाने वाला यह मेला धार्मिक आस्था और विश्वास से जुड़ा हुआ है और यहां पर लोहड़ी और मकर संक्रांति के मौके पर स्नान करना शुभ माना जाता है।

हिमकेयर कार्ड

प्रदेश भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के तहत पंजीकृत सभी कामगारों को अब हिमकेयर कार्ड योजना का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि ये कामगार, समाज का अभिन्न अंग हैं और राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है। मुख्यमंत्री ने कामगारों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ प्रदान करने के लिए बोर्ड की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत कामगारों को लाभ प्रदान करने के लिए अभी तक लगभग 500 सौ करोड़ रुपये व्यय किये जा चुके हैं।

पूर्ण राज्यत्व दिवस

56वें पूर्ण राज्यत्व दिवस का राज्य स्तरीय समारोह इस बार 25 जनवरी को कांगड़ा जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल परागपुर के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। समारोह की तैयारियों की जानकारी देते हुए उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया की इस राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह के दौरान पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी व एन एस एस कैडेट्स की टुकड़ियों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया जाएगा और पुलिस विभाग के अलावा प्रदेश के विभिन्न जिलों से आमंत्रित सांस्कृतिक दलों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आज दिल्ली जाने का कार्यक्रम है। अपने दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित अन्य केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर सकते हैं। इस दौरान वह केंद्र के समक्ष विशेष वित्तीय सहायता पैकेज के साथ साथ मौजूदा ऋण सीमा में बढोतरी करने की मांग करेंगे।

हिम आंचल पेंशनर्स

हिम आंचल पेंशनर्स संघ के पदाधिकारियों ने भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल से उनके समीरपुर स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रदेश के पेंशनरों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श किया गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष के.सी. गौतम ने उन्हें पेंशनरों के कल्याण, सम्मान व उनके दीर्घकालिक हितों से संबंधित मुद्दों से अवगत कराया। धूमल ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और पेंशनरों की जायज़ मांगों व हितों के समर्थन का आश्वासन दिया।

मौसम

प्रदेश में पिछले कुछ महीनों से सूखे का दौर जारी है और सुबह–शाम कड़ाके की ठण्ड का सामना करना पड़ रहा है, हालांकि दिन के समय अच्छी धूप खिल रही है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि कल 15 जनवरी की रात से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा जिससे 3 दिनों तक ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश और हल्की बर्फबारी हो सकती है।

कराटे–प्रतियोगिता

किन्नौर ज़िले के कल्पा निवासी देवांश बिष्ट ने छत्तीसगढ़ में आयोजित अंडर–14 डी.ए.वी. राष्ट्रीय स्पोर्ट्स मार्शल आर्ट–कराटे प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 6 से 9 जनवरी तक आयोजित की गई जिसमें देश के 25 राज्यों के डी.ए.वी. स्कूलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। देवांश वर्तमान में डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, बिलासपुर में नौवीं कक्षा के छात्र हैं और वे ब्लैक बेल्ट कराटे खिलाड़ी व गोल्ड मेडलिस्ट भी हैं। उन्होंने देश व प्रदेश के सभी युवाओं से नशे से दूर रहकर खेलों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आहवान किया है।